भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

25.03.2026 के

अतारांकित प्रश्न सं. 5505 का उत्तर

इटावा जंक्शन रेलवे स्टेशन का विकास

5505. श्री जितेंद्र दोहरे:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का इटावा जिले में यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए इटावा जंक्शन रेलवे स्टेशन पर प्रमुख रेलगाड़ियों के ठहराव बढ़ाने का विचार है;

(ख) क्या सरकार का इटावा से दिल्ली, मुंबई, कोलकाता और दक्षिण भारत जैसे प्रमुख शहरों के लिए नई सीधी ट्रेनें चलाने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार का इटावा जंक्शन रेलवे स्टेशन का विस्तार करने, प्लेटफार्मों की संख्या बढ़ाने तथा प्रतीक्षालय, एस्केलेटर और पार्किंग जैसी यात्री सुविधाओं का आधुनिकीकरण करने का प्रस्ताव है; और

(घ) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (घ) वर्तमान में, इटावा स्टेशन को 106 रेलगाड़ी सेवाओं द्वारा सेवित किया जा रहा है (नीचे सूचीबद्ध)। ये दिल्ली, कोलकाता, मुंबई, जोधपुर, लखनऊ, गुवाहाटी, पुरी, पटना, वाराणसी आदि जैसे गंतव्यों के लिए सीधी संपर्कता प्रदान कर रहे हैं।

इटावा स्टेशन को सेवित करने वाली रेलगाड़ियां

क्र.सं	रेलगाड़ी सं. और नाम
1	20175 बनारस-आगरा कैंट वंदे भारत एक्सप्रेस
2	20176 आगरा कैंट-बनारस वंदे भारत एक्सप्रेस
3	19623 मदार-दरभंगा अमृत भारत एक्सप्रेस

4	19624 दरभंगा - मदार अमृत भारत एक्सप्रेस
5	15133 छपरा-आनंद विहार (टी) अमृत भारत एक्सप्रेस
6	15134 आनंद विहार (टी)-छपरा अमृत भारत एक्सप्रेस
7	15557 दरभंगा - आनंद विहार (टी) अमृत भारत एक्सप्रेस
8	15558 आनंद विहार (टी)-दरभंगा अमृत भारत एक्सप्रेस
9	12003 लखनऊ-नई दिल्ली शताब्दी एक्सप्रेस
10	12004 नई दिल्ली-लखनऊ शताब्दी एक्सप्रेस
11	12033 कानपुर सेंट्रल-नई दिल्ली शताब्दी एक्सप्रेस
12	12034 नई दिल्ली-कानपुर सेंट्रल शताब्दी एक्सप्रेस
13	11903 वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी-इटावा एक्सप्रेस
14	11904 इटावा - वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी एक्सप्रेस
15	12179 लखनऊ-आगरा फोर्ट एक्सप्रेस
16	12180 आगरा फोर्ट-लखनऊ एक्सप्रेस
17	12225 आजमगढ़-दिल्ली एक्सप्रेस
18	12226 दिल्ली - आजमगढ़ एक्सप्रेस
19	12303 हावड़ा - नई दिल्ली एक्सप्रेस
20	12304 नई दिल्ली-हावड़ा एक्सप्रेस
21	12307 हावड़ा -जोधपुर एक्सप्रेस
22	12308 जोधपुर -हावड़ा एक्सप्रेस
23	12311 हावड़ा-कालका एक्सप्रेस
24	12312 कालका - हावड़ा एक्सप्रेस
25	12381 हावड़ा - नई दिल्ली एक्सप्रेस
26	12382 नई दिल्ली - हावड़ा एक्सप्रेस
27	12403 प्रयागराज - लालगढ़ एक्सप्रेस
28	12404 लालगढ़ - प्रयागराज एक्सप्रेस
29	12419 लखनऊ - नई दिल्ली एक्सप्रेस
30	12420 नई दिल्ली-लखनऊ एक्सप्रेस
31	12505 कामाख्या-आनंद विहार (टी) एक्सप्रेस
32	12506 आनंद विहार (टी)-कामाख्या एक्सप्रेस
33	12875 पुरी-आनंद विहार (टी) एक्सप्रेस
34	12876 आनंद विहार (टी)-पुरी एक्सप्रेस
35	12945 वेरावल-बनारस एक्सप्रेस
36	12946 बनारस-वेरावल एक्सप्रेस
37	13237 पटना -कोटा एक्सप्रेस
38	13238 कोटा-पटना एक्सप्रेस
39	13239 पटना -कोटा एक्सप्रेस
40	13240 कोटा - पटना एक्सप्रेस

41	14113 सुबेदारगंज-देहरादून एक्सप्रेस
42	14114 देहरादून-सुबेदारगंज एक्सप्रेस
43	14163 सुबेदारगंज-मेरठ सिटी एक्सप्रेस
44	14164 मेरठ सिटी-सुबेदारगंज एक्सप्रेस
45	14217 प्रयागराज संगम-चंडीगढ़ एक्सप्रेस
46	14218 चंडीगढ़-प्रयागराज संगम एक्सप्रेस
47	14853 वाराणसी सिटी-जोधपुर एक्सप्रेस
48	14854 जोधपुर-वाराणसी सिटी एक्सप्रेस
49	14863 वाराणसी सिटी-जोधपुर एक्सप्रेस
50	14864 जोधपुर-वाराणसी सिटी एक्सप्रेस
51	14865 वाराणसी सिटी-जोधपुर एक्सप्रेस
52	14866 जोधपुर -वाराणसी सिटी एक्सप्रेस
53	15045 गोरखपुर - ओखा एक्सप्रेस
54	15046 ओखा-गोरखपुर एक्सप्रेस
55	15483 अलीपुरद्वार -दिल्ली एक्सप्रेस
56	15484 दिल्ली -अलीपुरद्वार एक्सप्रेस
57	15565 ललितग्राम-नई दिल्ली एक्सप्रेस
58	15566 नई दिल्ली-ललितग्राम एक्सप्रेस
59	15707 कटिहार - अमृतसर एक्सप्रेस
60	15708 अमृतसर-कटिहार एक्सप्रेस
61	15733 बालुरघाट- बठिण्डा एक्सप्रेस
62	15734 बठिण्डा-बालुरघाट एक्सप्रेस
63	15743 बालुरघाट-बठिण्डा एक्सप्रेस
64	15744 बठिण्डा -बालुरघाट एक्सप्रेस
65	18101 टाटानगर-जम्मू तवी एक्सप्रेस
66	18102 जम्मू तवी-टाटानगर एक्सप्रेस
67	18309 संबलपुर-जम्मू तवी एक्सप्रेस
68	18310 जम्मू तवी-संबलपुर एक्सप्रेस
69	19037 बांद्रा (टी)-बरौनी एक्सप्रेस
70	19038 बरौनी-बांद्रा (टी) एक्सप्रेस
71	19603 दौराई-गोड्डा एक्सप्रेस
72	19604 गोड्डा-दौराई एक्सप्रेस
73	19811 कोटा-इटावा एक्सप्रेस
74	19812 इटावा-कोटा एक्सप्रेस
75	20403 प्रयागराज - लालगढ़ एक्सप्रेस
76	20404 लालगढ़ - प्रयागराज एक्सप्रेस
77	20801 इस्लामपुर-नई दिल्ली एक्सप्रेस

78	20802 नई दिल्ली-इस्लामपुर एक्सप्रेस
79	20941 बांद्रा (टी)-गाजीपुर सिटी एक्सप्रेस
80	20942 गाजीपुर सिटी-बांद्रा (टी) एक्सप्रेस
81	20961 उधना-बनारस एक्सप्रेस
82	20962 बनारस-उधना एक्सप्रेस
83	22307 हावड़ा - बीकानेर एक्सप्रेस
84	22308 बीकानेर -हावड़ा एक्सप्रेस
85	22431 सुबेदारगंज-एमसीटीएम उधमपुर एक्सप्रेस
86	22432 एमसीटीएम उधमपुर-सुबेदारगंज एक्सप्रेस
87	64169 फफूंद-इटावा मेमू
88	64170 इटावा-फफूंद मेमू
89	64587 कानपुर सेंट्रल-टुंडला मेमू
90	64588 टुंडला-कानपुर सेंट्रल मेमू
91	64603 कानपुर सेंट्रल-इटावा मेमू
92	64604 इटावा -कानपुर सेंट्रल मेमू
93	64605 इटावा - टुंडला मेमू
94	64606 टुंडला -इटावा मेमू
95	64623 आगरा कैंट-मैनपुरी मेमू
96	64624 मैनपुरी-आगरा कैंट मेमू
97	64625 इटावा -आगरा कैंट मेमू
98	64626 आगरा कैंट-इटावा मेमू
99	64627 फफूंद -इटावा मेमू
100	64628 इटावा - फफूंद मेमू
101	64631 फफूंद -शिकोहाबाद मेमू
102	64632 शिकोहाबाद - फफूंद मेमू
103	64633 ग्वालियर - इटावा मेमू
104	64634 इटावा-ग्वालियर मेमू
105	64641 ग्वालियर - इटावा मेमू
106	64642 इटावा-ग्वालियर मेमू

वर्तमान में, इटावा, दिल्ली से 21 जोड़ी रेलगाड़ियों, मुंबई से 02 जोड़ी रेलगाड़ियों और कोलकाता से 05 जोड़ी रेलगाड़ियों द्वारा जुड़ा हुआ है। ये निम्नानुसार सूचीबद्ध हैं:

इटावा-दिल्ली के बीच रेलगाड़ियां:

क्र.सं.	गाड़ी सं. और नाम
1	15133/15134 छपरा-आनंद विहार (टी) अमृत भारत एक्सप्रेस
2	15557/15558 दरभंगा-आनंद विहार (टी) अमृत भारत एक्सप्रेस

3	12003/12004 लखनऊ जं. - नई दिल्ली शताब्दी एक्सप्रेस
4	12033/12034 कानपुर सेंट्रल-नई दिल्ली शताब्दी एक्सप्रेस
5	12225/12223 आजमगढ़-दिल्ली एक्सप्रेस
6	12303/12304 हावड़ा-नई दिल्ली एक्सप्रेस
7	12311/12312 हावड़ा-कलका एक्सप्रेस
8	12381/12382 हावड़ा-नई दिल्ली एक्सप्रेस
9	12419/12420 लखनऊ-नई दिल्ली एक्सप्रेस
10	12505/12506 कामाख्या-आनंद विहार (टी) एक्सप्रेस
11	12875/12876 पुरी-आनंद विहार (टी) एक्सप्रेस
12	14117/14118 प्रयागराज-भिवानी एक्सप्रेस
13	14151/14152 कानपुर सेंट्रल-आनंद विहार (टी) एक्सप्रेस
14	14217/14218 प्रयागराज संगम-चंडीगढ़ एक्सप्रेस
15	15483/15484 अलीपुर द्वार-दिल्ली एक्सप्रेस
16	15565/15566 ललितग्राम-नई दिल्ली एक्सप्रेस
17	15707/15708 कटिहार-अमृतसर एक्सप्रेस
18	15733/15734 बालुरघाट-बठिण्डा एक्सप्रेस
19	18101/18102 टाटानगर-जम्मू तवी एक्सप्रेस
20	18309/18310 संबलपुर-जम्मू तवी एक्सप्रेस
21	20801/20802 इस्लामपुर-नई दिल्ली एक्सप्रेस

इटावा-मुंबई के बीच रेलगाड़ियां:

क्र.सं.	गाड़ी सं. और नाम
1	19037/19038 बांद्रा (टी)-बरौनी एक्सप्रेस
2	20941/20942 बांद्रा (टी)-गाजीपुर सिटी एक्सप्रेस

इटावा-कोलकाता के बीच रेलगाड़ियां

क्र.सं.	गाड़ी सं. और नाम
1	12307/12308 हावड़ा-जोधपुर एक्सप्रेस
2	22307/22308 हावड़ा-बीकानेर एक्सप्रेस
3	12311/12312 हावड़ा-कालका एक्सप्रेस
4	12303/12304 हावड़ा-नई दिल्ली एक्सप्रेस
5	12381/12382 हावड़ा-नई दिल्ली एक्सप्रेस

इसके अलावा, भारतीय रेल पर किसी भी मार्ग/रेलखंड पर नई रेलगाड़ियां शुरू करना/रेलगाड़ी सेवाओं को ठहराव प्रदान करना परिचालन व्यवहार्यता, यातायात औचित्य, प्रतिस्पर्धी मांगों आदि के अध्यधीन चालू प्रक्रियाएं हैं।

एस्केलेटर

वर्तमान में, इटावा रेलवे स्टेशन पर 03 लिफ्ट उपलब्ध हैं। इसके अलावा, अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत इटावा रेलवे स्टेशन पर नए 12 मीटर पैदल पार पुल पर 04 अदद एस्केलेटरों का कार्य शुरू किया गया है।

अमृत भारत स्टेशन:

उत्तर प्रदेश में स्थित इटावा जंक्शन स्टेशन पर उच्च स्तरीय प्लेटफॉर्म, प्लेटफॉर्म शेल्टर, प्रतीक्षालय, पेयजल व्यवस्था, मूत्रालय, शौचालय, बैठने की व्यवस्था, पैदल पार पुल आदि जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं।

अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत विकास के लिए उत्तर प्रदेश में स्थित इटावा जंक्शन स्टेशन को चिह्नित किया गया है। विकास कार्य तीव्र गति से किए जा रहे हैं। स्टेशन भवन का सुधार कार्य, द्वितीय प्रवेश द्वार पर नया भूतल+1 स्टेशन भवन, प्रतीक्षालय का सुधार, पे एंड यूज़ शौचालय, दिव्यांगजन शौचालय, नई पार्किंग, यात्री आरक्षण प्रणाली कक्ष का सुधार कार्य, मुख्य प्रवेश द्वार और द्वितीय प्रवेश द्वार पर परिचलन क्षेत्र का कार्य पूरा हो गया है। 12 मीटर के पैदल पार पुल का कार्य शुरू किया गया है।

भारतीय रेल पर उच्च स्तरीय प्लेटफार्म, प्रतीक्षालय, एस्केलेटर, पार्किंग आदि जैसी यात्री सुविधाओं की व्यवस्था सहित स्टेशनों का विकास/पुनर्विकास/उन्नयन/आधुनिकीकरण सतत और निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है और इस संबंध में कार्यों की पारस्परिक प्राथमिकता और निधियों की उपलब्धता के अधीन, आवश्यकतानुसार कार्य शुरू किए जाते हैं। स्टेशन का विकास/पुनर्विकास/उन्नयन/आधुनिकीकरण स्टेशन की श्रेणी/स्थिति/संभाले गए यातायात आदि के आधार पर किया जाता है।

रेल मंत्रालय ने दीर्घकालिक दृष्टिकोण के साथ रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास हेतु अमृत भारत स्टेशन योजना शुरू की है।

इस योजना में रेलवे स्टेशनों को बेहतर बनाने के लिए मास्टर प्लान तैयार करना और चरणों में उनका कार्यान्वयन करना शामिल हैं। मास्टर प्लान में निम्नलिखित शामिल हैं:

- **स्टेशन और परिचलन क्षेत्रों तक पहुंच में सुधार**
- **स्टेशन का शहर के दोनों भागों के साथ एकीकरण**
- **स्टेशन भवन में सुधार**
- **प्रतीक्षालय, शौचालय, बैठने की व्यवस्था, पेयजल बूथों में सुधार**
- **यात्री यातायात के अनुरूप चौड़े पैदल पार पुल/एयर कॉनकोर्स का प्रावधान**
- **लिफ्ट/स्वचालित सीढ़ियों/रैंप का प्रावधान**
- **प्लेटफॉर्म की सतह में सुधार/सतह का निर्माण और प्लेटफॉर्म पर कवर की व्यवस्था**
- **'एक स्टेशन एक उत्पाद' जैसी योजनाओं के माध्यम से स्थानीय उत्पादों के लिए कियोस्क का प्रावधान**

- पार्किंग क्षेत्र, यातायात के विभिन्न साधनों के साथ एकीकरण
- दिव्यांगजनों के लिए सुविधाएं
- बेहतर यात्री सूचना प्रणाली
- प्रत्येक स्टेशन पर आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए एक्जीक्यूटिव लाउंज, व्यावसायिक बैठकों के लिए नामित स्थान, लैंडस्केपिंग आदि का प्रावधान।

इस योजना में आवश्यकतानुसार, चरणबद्ध और व्यवहार्य रूप से दीर्घकालिक और पर्यावरण अनुकूल समाधान, गिट्टी रहित रेलपथ का प्रावधान आदि और दीर्घावधि में स्टेशन पर सिटी सेंटर के निर्माण की भी परिकल्पना की गई है।

अब तक, अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत विकास के लिए 1338 स्टेशनों को चिह्नित किया गया है, इनमें से इटावा स्टेशन सहित 157 स्टेशन उत्तर प्रदेश में स्थित हैं। उत्तर प्रदेश में अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत विकास के लिए चुने गए स्टेशनों के नाम निम्नलिखित हैं:

राज्य	स्टेशनों की संख्या	स्टेशनों के नाम
उत्तर प्रदेश	157	अछनेरा, आगरा कैंट, आगरा फोर्ट, ऐशबाग जं., अकबरपुर जं., अलीगढ, अमेठी, अमरोहा, आनंद नगर जं., आंवला, अयोध्या धाम जंक्शन, आज़मगढ़, बाबतपुर, बछरावां, बदांयू, बादशाहनगर, बादशाहपुर, बहेड़ी, बहराईच, बालामऊ जं., बलिया, बलरामपुर, बनारस, बांदा, बाराबंकी जं., बरेली, बरेली सिटी, बढ़नी, बस्ती, बेल्थरा रोड, भदोही, भरतकुंड, भटनी, भूतेश्वर, बिजनौर, बुलन्दशहर, चंदौली मझवार, चंदौसी, चिलबिला, चित्रकूट धाम कर्वी, चोपन, चुनार जं., डालीगंज, दर्शननगर, देवरिया सदर, धामपुर, दिलदारनगर, इटावा जं., फर्रुखाबाद, फतेहाबाद, फतेहपुर, फतहपुर सीकरी, फिरोजाबाद, गजरौला, गढ़मुक्तेसर, गौरीगंज, घाटमपुर, गाजियाबाद, ग़ाज़ीपुर सिटी, गोला गोकर्णनाथ, गोमतीनगर, गोंडा, गोरखपुर, गोवर्धन, गोविंदपुरी, गुरसहायगंज, हैदरगढ़, हापुड, हरदोई, हाथरस सिटी, ईदगाह आगरा जंक्शन, इज्जतनगर, जंघई जंक्शन, जौनपुर सिटी, जौनपुर जंक्शन, कन्नौज, कानपुर अनवरगंज, कानपुर ब्रिज लेफ्ट बैंक, कानपुर सेंट्रल, कप्तानगंज जंक्शन, कासगंज जंक्शन, काशी, खलीलाबाद, खोरासों रोड, खुर्जा जंक्शन, कोसी कलां, कुंडा हरनामगंज, लखीमपुर, लालगंज, ललितपुर जंक्शन, लंभुआ, लोहता, लखनऊ (चारबाग) उत्तर रेलवे, लखनऊ सिटी, लखनऊ जंक्शन (पूर्वोत्तर रेलवे), मां बेल्हा देवी प्रतापगढ़ जंक्शन, मगहर, महाराजा बिजली पासी, महोबा जंक्शन, मैलानी जंक्शन, मैनपुरी जंक्शन, मल्हौर, मानक नगर, मानिकपुर जंक्शन,

राज्य	स्टेशनों की संख्या	स्टेशनों के नाम
		मारियाहू, मथुरा जंक्शन, मऊ जंक्शन, मेरठ सिटी जंक्शन, मिर्ज़ापुर, मोदीनगर, मोहनलालगंज, मुरादाबाद जंक्शन, मुजफ्फरनगर, नगीना, नजीबाबाद जंक्शन, उरई, पनकी धाम, फाफामऊ जंक्शन, फूलपुर, पीलीभीत जंक्शन, पोखरायां, प्रयाग जंक्शन, प्रयागराज जंक्शन, पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, रायबरेली जंक्शन, राजा की मंडी, रामघाट हाल्ट, रामपुर जंक्शन, रेनुकूट, सहारनपुर जंक्शन, सलेमपुर, स्योहारा, शाहगंज जंक्शन, शाहजहाँपुर, शामली, शिकोहाबाद जंक्शन, शिवपुर, सिद्धार्थ नगर, सीतापुर जंक्शन, सोनभद्र, श्रीकृष्ण नगर, सुल्तानपुर जंक्शन, सुरेमनपुर, स्वामीनारायण छपिया, तकिया, तुलसीपुर, टूंडला जंक्शन, उझानी, ऊंचाहार, उन्नाव जंक्शन, उतरेतिया जंक्शन, वाराणसी कैंट, वाराणसी सिटी, विंध्याचल, वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी, व्यासनगर, जाफराबाद

स्टेशन जहां कार्य पूरे किए गए हैं:

उत्तर प्रदेश में अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत रेलवे स्टेशनों पर विकास कार्य तेज गति से शुरू किए गए हैं। अब तक, इस योजना के अंतर्गत उत्तर प्रदेश में 23 स्टेशनों पर कार्य पूरे किए जा चुके हैं। उत्तर प्रदेश में स्टेशनों के नाम जहां कार्य निम्नानुसार पूरे किए गए हैं:

राज्य	स्टेशनों की संख्या	स्टेशनों के नाम
उत्तर प्रदेश	23	अयोध्या धाम जंक्शन, बलरामपुर, बरेली सिटी, बिजनौर, फतेहाबाद, फतेहपुर, गोला गोकर्णनाथ, गोमती नगर, गोवर्धन, गोविंदपुरी, हाथरस सिटी, ईदगाह आगरा जं., इज्जतनगर, खलीलाबाद, मैलानी जंक्शन, पनकी धाम, पुखरायां, रामघाट हॉल्ट, सहारनपुर जं., सिद्धार्थ नगर, सुरेमनपुर, स्वामीनारायण छपिया, उझानी

अन्य स्टेशनों पर विकास कार्य तेज गति से शुरू किए गए हैं और कुछ स्टेशनों की प्रगति निम्नानुसार हैः

- गाजियाबाद स्टेशन: मुख्य प्रवेश द्वार और दूसरे प्रवेश द्वार की ओर स्टेशन भवन का संरचनात्मक कार्य, टुंडला छोर पर नए पैदल पार पुल-बी का नींव संबंधी कार्य, रूफ प्लाजा, मौजूदा पैदल पार पुल-ए का विस्तार कार्य, मुख्य प्रवेश द्वार और दूसरे प्रवेश द्वार पर विद्युत सब-स्टेशन को अंतिम रूप देने का कार्य, मजिस्ट्रेट भवन, राजकीय रेल पुलिस और रेल सुरक्षा बल के भवनों का कार्य शुरु किया गया है।

- **रामपुर जंक्शन स्टेशन: नए स्टेशन भवन का निर्माण कार्य, प्लेटफॉर्म शेल्टर, प्लेटफॉर्म सतह, बुकिंग कार्यालय, प्रतीक्षालय और शौचालय का कार्य पूरा हो चुका है। परिचलन क्षेत्र और पैदल पार पुल के कार्य शुरू किए गए हैं।**
- **शाहजहांपुर स्टेशन: प्लेटफॉर्म संख्या 1 और 2/3 पर प्लेटफॉर्म शेल्टर और सतह के कार्य पूरे हो चुके हैं। स्टेशन भवन का सुधार कार्य, दूसरे प्रवेश द्वार पर नए स्टेशन भवन, परिचलन क्षेत्र और पैदल पार पुल के कार्य शुरू किए गए हैं।**
- **शिकोहाबाद जंक्शन स्टेशन: नए स्टेशन भवन का निर्माण कार्य, प्लेटफॉर्म संख्या 1/2 की सतह का कार्य, परिचलन क्षेत्र में सुधार, पार्किंग और दिव्यांगजन सुविधाओं का कार्य पूरा हो चुका है। 12 मीटर पैदल पार पुल का कार्य शुरू कर दिया गया है।**

स्टेशनों का विकास/उन्नयन जटिल प्रकृति का होता है जिसमें यात्रियों और रेलगाड़ियों की संरक्षा शामिल होती है और इसके लिए दमकल विभाग, धरोहर, पेड़ों की कटाई, विमानपत्तन स्वीकृति इत्यादि जैसी विभिन्न सांविधिक स्वीकृतियों की आवश्यकता होती है। इनकी प्रगति जनोपयोगी सेवाओं (जिनमें जल/सीवेज लाइन, ऑप्टिकल फाइबर केबल, गैस पाइपलाइन, विद्युत/सिगनल केबल इत्यादि शामिल हैं) को स्थानांतरित करना, अतिलंघन, यात्री संचलन को बाधित किए बिना रेलगाड़ियों का परिचालन, उच्च वोल्टेज बिजली लाइनों के निकट किए जाने वाले कार्यों के कारण गति प्रतिबंध आदि जैसी ब्राउन फील्ड संबंधी चुनौतियों के कारण भी प्रभावित होती है और ये कारक कार्य के समापन समय को प्रभावित करते हैं।

अमृत भारत स्टेशन योजना सहित स्टेशनों का विकास/उन्नयन/आधुनिकीकरण सामान्यतः योजना शीर्ष-53 'ग्राहक सुविधाएं' के अंतर्गत वित्तपोषित किया जाता है। योजना शीर्ष-53 के अंतर्गत आबंटन और व्यय का विवरण क्षेत्रीय रेलवे-वार रखा जाता है, न कि कार्य-वार या स्टेशन-वार या निर्वाचन क्षेत्र-वार या राज्य-वार। उत्तर प्रदेश राज्य पाँच क्षेत्रीय रेलों नामतः पूर्व मध्य रेलवे, उत्तर रेलवे, उत्तर मध्य रेलवे, पूर्वोत्तर रेलवे और पश्चिम मध्य रेलवे के अधिकार क्षेत्र में आता है। इन क्षेत्रीय रेलों के लिए वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 3,794 करोड़ रुपए (संशोधित अनुमान) का आबंटन किया गया है, जिसमें से अब तक (फरवरी, 2026 तक) 3,694 करोड़ रुपए का व्यय उपगत किया गया है।

****